तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

11 कौड़िया आंगनबाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण



12 कॉलेज में इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स पर प्रथम ...





# हिरासत में मौत, मिले सख्त सजा, मुआवजे की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बहुचर्चित निक्कू सलूजा हत्याकांड की 9वीं बरसी पर गुरुवार को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में पीड़ित परिवार एवं सिख समाज द्वारा अरदास का आयोजन किया गया। अरदास के पश्चात आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में परिवार ने एक बार फिर न्याय की गुहार लगाते हुए फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र फैसला और मुआवजे की मांग की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीड़ित परिवार ने कहा कि 9 अप्रैल 2017 को हुई इस घटना को आज 9 वर्ष पूरे हो चुके हैं। मामले के सभी आरोपी पुलिसकर्मी जमानत पर बाहर हैं और पुनः पुलिस विभाग में ड्यूटी कर रहे हैं, जबकि पीड़ित परिवार आज भी मानसिक और सामाजिक पीड़ा झेल रहा है।

## यहां भी सख्त कार्रवाई की मांग

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिख समाज और परिवार ने तमिलनाडु के मदुरै कोर्ट द्वारा पुलिस कस्टडी में हत्या के मामले में दोषी पुलिसकर्मियों को मृत्युदंड दिए जाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सख्त निर्णय न्याय व्यवस्था में विश्वास को मजबूत करते हैं। उन्होंने यहां भी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## मदुरै फैसले का स्वागत





## सिख समाज और परिवार एकजुट

इस अवसर पर पीड़ित परिवार— दविंदर कौर (माता), सुनीता कौर (पत्नी), काजल, सोनम, सुजल सिंह सहित सिख समाज के अध्यक्ष सरदार इंदर सिंह सलूजा, पार्षद राजू सलूजा, निर्मल सिंह सलूजा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल्द न्याय की गुहार लगाई।

## हमें सिर्फ न्याय चाहिए - काजल


"मेरे पिता के हत्यारे पुलिसकर्मी हैं। हमारी सिर्फ एक ही मांग है कि सभी आरोपियों को जल्द से जल्द सख्त सजा मिले।

## ट्रैफिक विवाद से कस्टोडियल डेथ तक

उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल 2017 को ट्रैफिक चेकिंग के दौरान निक्कू सलूजा को पुलिस ने रोका था। विवाद के बाद उन्हें कोतवाली थाना ले जाया गया, जहां उनकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया और डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तत्कालीन रिपोर्ट्स के अनुसार, परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया था, जिसके बाद शहर में व्यापक आक्रोश, चक्काजाम, मौन रैली और विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रशासन ने उस समय 5 पुलिसकर्मियों धीरज मरकाम, लोमेश साहू, संदीप साहू, लीला साहू, आशुतोष बंजारे को निलंबित कर हत्या का मामला दर्ज किया था।

## खबर संक्षेप

### जर्जर किचन शेड से जोखिम में बच्चों की जान नए निर्माण की मांग



**सेल।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय झबड़ी में किचन शेड की जर्जर स्थिति के कारण मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। भवन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिसके चलते भोजन अब अस्थायी झोपड़ी में तैयार किया जा रहा है। दीवारों और छत में दरारें पड़ चुकी हैं तथा लोहे के सरिए बाहर निकल आए हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। शिक्षकों एवं महिला स्व-सहायता समूहों ने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नए किचन शेड के निर्माण की मांग की है। उनका कहना है कि झोपड़ी में भोजन बनाते समय सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बना रहता है, वहीं बारिश के दौरान भी कठिन परिस्थितियों में भोजन तैयार करना पड़ता है। बीआरसीसी द्वारा स्थल निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया तथा शीघ्र ही नए किचन शेड के निर्माण का आश्वासन दिया गया है।

### कार्रवाई : आक्रोशित ग्रामीणों ने फरार नेता के पिता की धुनाई की

# शराब बिक्री की शिकायत पर ढाबा संचालक के बेटे ने लहराया कट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत कटगी में अवैध शराब बिक्री को लेकर लंबे समय से ग्रामीणों में नाराजगी बनी हुई थी।

सर्वा और खैरा मोड़ क्षेत्र में ढाबे पर खुलेआम अवैध शराब बेचे जाने की शिकायत को लेकर ग्राम के जनप्रतिनिधियों और महिला कमांडो ने पहले कसडोल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जब इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 7 अप्रैल को ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर और एसपी को लिखित ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। विदित हो कि इस ढाबे का संचालक पर अवैध शराब बेचने के आरोप लगते रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत से बौखलाकर 8 अप्रैल की शाम ढाबा संचालक का कांग्रेस नेता पुत्र लगभग 25–30 बाहरी लोगों के साथ सर्वा मोड़ क्षेत्र में पहुंच गया। आरोप है कि उसके साथ आए लोग कट्टा और डंडा लहराते व गाली गलौज करते हुए गांव में खुलेआम दबंगई दिखाने लगे और लोगों को डराने-धमकाने की कोशिश की। इस दौरान करीब 10–12 फायरिंग किए जाने की भी शिकायत सामने आई है, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया।

## दबंगई के विरोध में ग्रामीण एकजुट, दोनों पक्षों में झड़प और हाथापाई







### फरार भागवत थवाइत पर 10 हजार का इनाम घोषित

कटगी गांव में बीती रात हुए बवाल के बाद पुलिस अब एक्शन मोड में नजर आ रही है। मुख्य आरोपी भागवत थवाइत अब भी फरार है और पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा करते हुए जिलेभर मे वांटेड का पोस्टर दीवारों पर चिपकाया है। कटगी में कल शाम उस वक्त दहशत फैल गई, जब आरोपी भागवत थवाइत ने कथित तौर पर रिवॉल्वर से हवाई फायरिंग की और अपने साथियों के साथ गांव में रैली निकालते हुए लोगों को धमकाया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने महिला कमांडो और ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, एक शिकायतकर्ता के साथ जमकर मारपीट भी की। दरअसल, ये पूरा विवाद ढाबे में अवैध शराब बेचने को लेकर शुरू हुआ था, जिसमें आरोपी भागवत थवाइत ▶▶ शेष पेज 11 पर

### कट्टा लहराने से गांव में फैली दहशत

कट्टा लहराने और फायरिंग की खबर फैलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। गांव के लोगों ने एकजुट होकर इस दबंगई का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच झड़प और हाथापाई की स्थिति बन गई। इस दौरान कुछ ग्रामीणों को चोट लगने की भी जानकारी सामने आई है।

### ढाबा संचालक गिरफ्तार

घटना की सूचना मिलते ही कसडोल थाना पुलिस और एडिशनल एसपी मौके पर पहुंचे और स्थिति को किसी तरह नियंत्रित किया। पुलिस ने ढाबा संचालक को गिरफ्तार कर लिया, हालांकि ग्रामीणों के अनुसार घटना में मुख्य भूमिका निभाने वाला कांग्रेस नेता और उसके साथ आए कई लोग अभी भी फरार बताए जा रहे हैं।

### ग्रामीणों ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का लगाया आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अवैध शराब की शिकायत पर समय रहते सख्त कार्रवाई की जाती तो इस तरह की दबंगई और हिंसा की नौबत नहीं आती। गांव के लोगों का आरोप है कि खुलेआम हथियार लहराना और फायरिंग करना सीधे तौर पर ग्रामीणों को डराने की कोशिश थी, लेकिन गांव के लोगों ने एकजुट होकर इसका विरोध किया। अब पूरे क्षेत्र की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है कि, आरोपियों के खिलाफ कितनी कड़ी और ठोस कार्रवाई होती है।

### ग्रामीणों के विरोध पर नेता मौके से फरार

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इस तरह हथियार लहराकर दहशत फैलाने की कोशिश से लोगों में भारी आक्रोश है। बताया जा रहा है कि ग्रामीणों के विरोध और बढ़ते आक्रोश को देखते हुए कांग्रेस नेता मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर मौजूद उसके पिता और ढाबा संचालक को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा और भीड़ ने उसे पकड़कर जमकर पिटाई कर दी।

# शासन ने जोंक नदी के तट पर रुकवाया बाल विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए सतत रूप से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न शाखाओं के माध्यम से बाल विवाह के प्रति समुदाय एवं समाज में जागरूकता लाने के लिए विभिन्न गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई भी की जा रही है।

- प्रशासन ने दोनों पक्षों के परिजनों को दी समझाईश

बुधवार को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में जिले में समीपवर्ती बेमेतरा जिले की बालिका तथा दुर्ग जिले के बालक का विवाह बलौदाबाजार जिले के कसडोल विकासखण्ड में जोंक नदी के किनारे महाराजी में स्थित प्राचीनतम् जैतखाम में किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई। चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम को जिला मुख्यालय से रवाना किया गया एवं गिरौदपुरी चौकी प्रभारी से दूरभाष से संपर्क कर घटना स्थल पुलिस बल भेजने का आग्रह किया गया। गिरौदपुरी चौकी प्रभारी द्वारा तुरंत पुलिस बल ▶▶ शेष पेज 11 पर

### बाल संरक्षण टीम की कार्रवाई

जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के द्वारा संबंधित स्थान पहुंचकर लोगों से पूछताछ की गई। प्रारंभिक चरण में टाल-मटोल करने के बाद बालकों के परिजनों द्वारा विवाह हेतु बलौदाबाजार आने की बात को स्वीकार किया गया। आयु संबंधित दस्तावेज की पड़ताल करने पर बालिका की आयु 14 वर्ष 4 माह 18 एवं बालक की आयु 16 वर्ष 11 माह 29 दिन की आयु निर्धारित हुई। दोनों बालक - बालिकाओं के 18 वर्ष से कम आयु का होने के कारण प्रमरण में सम्यक कार्यवाही किए जाने हेतु बालकों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कराया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के द्वारा जैतखाम परिसर में स्थित समुदाय को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

# बिना अनुमति बोर खनन, दो बोरवेल मशीन जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बिना अनुमति के अवैध रूप से बोर खनन पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 बोर वेल मशीन को जब्त किया गया है। जब्त मशीनों को पुलिस थाने में सुपुर्द की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा में अवैध बोर खनन की सूचना पर तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व की टीम मौक़े पर पहुंची। किसान गेन्दलाल द्वारा अपने खेत में बोर मशीन से अवैध रूप से बोर खनन किया जा रहा था। किसान एवं बोर मशीन ऑपरेटर से बोर खनन की अनुमति दस्तावेज की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर बोर मशीन जब्त कर पुलिस थाने को सुपुर्द की गई।

इसी तरह तहसील कसडोल में अवैध बोर खनन की सूचना पर तहसीलदार विवेक पटेल के नेतृत्व में टीम ग्राम भदरा में रात्रि 9 बजे औचक निरीक्षण की, जहां महामाया बोरवेल्स द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के बोर खनन किया जा रहा था। मौके पर बोर मशीन बंद करवाया गया एवं वाहन क्रमांक KASIMA4339 मशीन के मालिक मनोज़ निवासी कसडोल ▶▶ शेष पेज 11 पर

# जिला पुलिस ने वारंटी व फरार 278 आरोपियों को दबोचा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ एक व्यापक और प्रभावी मोर्चा खोलते हुए विशेष धरपकड़ अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने जिले सहित देश के विभिन्न राज्यों से कुल 278 आरोपियों और वारंटियों को दबोचने में सफलता हासिल की।

- विशेष धरपकड़ अभियान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता



अभियान में 278 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। स्थाई वारंट तामील में 133, जिसमें 10 साल पुराने वारंटी भी शामिल है। इसी तरह गिरफ्तारी वारंट तामील 107 आरोपियों को दबोचा गया। साथ गंभीर अपराध, पशु तस्करी और चोरी के मामलों में 38 आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।

पुलिस टीमों ने आरोपियों के संभावित ठिकानों को पहले चिन्हित किया और फिर चौतरफा घेराबंदी कर आकस्मिक दबिश दी। इस योजना से आरोपियों को भागने या छिपने का कोई अवसर नहीं मिल सका। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में गंभीर संपत्ति संबंधी अपराध, शारीरिक अपराध और पशु तस्करी जैसे संगीन मामलों के आरोपी शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने इस विशेष धरपकड़ अभियान की सफलता पर पूरी टीम को बधाई दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए इस प्रकार के प्रभावशाली ऑपरेशन भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे।

### 6 अधिकारी और 300 जवानों ने की संयुक्त कार्रवाई

11 मार्च से 8 अप्रैल तक चले इस विशेष अभियान के लिए जिला पुलिस ने पूरी तरह से घेराबंदी की थी। अभियान का नेतृत्व 6 राजपत्रित अधिकारियों ने किया, जिसमें लगभग 300 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह और हेमसागर सिदार के समन्वय में एसडीओपी तारेश साहू भाटापारा, अपूर्वा क्षत्रिय बलौदाबाजार, डीएसपी कौशल किशोर वासनिक कसडोल और प्रेमलाल साहू ने अपनी-अपनी टीमों के साथ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी।

### तकनीकी साधनों से दूसरे राज्यों में छिपे आरोपी भी गिरफ्तार

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता साइबर सेल और तकनीकी उपकरणों का सार्थक उपयोग रहा। पुलिस ने केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि तकनीकी इनपुट के आधार पर कानपुर (उत्तर प्रदेश), राजस्थान, जामताड़ा (झारखंड) और नोएडा जैसे सुदूर प्रांतों में भी दबिश दी। थाना पलारी क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कानपुर से गिरफ्तार किया।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
अंबेडकर चौक, बजरंग होटल के सामने,
बलौदाबाजार, मो. 9926204007, 8370049468

# कौशल योजना में 120 युवाओं ने ली ट्रेनिंग, आदेश के बाद भी नहीं मिली नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिले के सैकड़ों युवा रोजगार पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इनमें 120 युवा ऐसे हैं, जो जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। उनके प्रशिक्षण के आधार पर ही ग्राम पंचायतों में जल वितरण के संचालन और संसाधण कार्य के लिए उनका चयन भी हुआ है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने इसके लिए ग्राम पंचायतों को पत्र भी जारी किया था, जिसमें चयनित युवाओं को पंचायत स्तर पर मानदेय के आधार पर नौकरी पर रखने के लिए अनुशंसा की गई थी। इसके बावजूद इन युवाओं को अब तक नौकरी नहीं मिल पाई है। इन युवाओं ने संबंधितों को ज्ञापन सौंपा है।

## 12 हजार मासिक वेतन पर होनी थी नियुक्ति

जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में हर घर नल कनेक्शन, पानी टंकी का निर्माण हुआ है। इसके तहत जिन ग्रामों में ये कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन ग्रामों में पानी टंकी से जलप्रदाय करने एवं उसके संसाधण के लिए अनुभवी लोगों की जरूरत थी। इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं को नल-जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद आवश्यकता के अनुसार जिले के चारों ब्लॉक धरसींवा, आरंग, अभनपुर एवं तिल्दा के लगभग 120 युवाओं को विभिन्न गांव में जलप्रदाय एवं संधारण कार्य के लिए चयन हुआ। इन चयनित युवाओं के माध्यम से ग्राम पंचायतों में जलप्रदाय एवं संधारण का कार्य हो, इसके लिए पीएचई विभाग ने चयनित गांव के सरपंचों को नियुक्त करने के लिए अनुशंसा पत्र भेजा था। इस अनुशंसा पत्र के अनुसार 12 हजार रुपए मासिक वेतन पर युवाओं की अस्थाई रूप से नियुक्ति होनी थी, जो अब तक नहीं हो पाई है।

■ जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत जल वितरण संचालन-संधारण के लिए दी गई थी ट्रेनिंग



### रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए

*मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। इन सभी युवाओं को ग्राम पंचायतों में रोजगार देने की व्यवस्था करनी चाहिए।*
*- **संदीप यदु**, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर*

### पीएचई अफसर ने कहा- 45 दिन की ट्रेनिंग पर नौकरी थोड़े ही मिल जाएगी

प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं ने बताया कि नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी ग्राम पंचायतों में नौकरी नहीं मिलने पर वे सभी पीएचई विभाग के अफसर अनिल बच्चन से मिलने गए थे, लेकिन उन्होंने यह कहकर उन्हें लौटा दिया कि 45 दिन की ट्रेनिंग करने से नौकरी थोड़े ही मिल जाती है। उनके इस रवैये के बाद ही अब वे सभी जिला पंचायत उपाध्यक्ष और सीईओ के समक्ष गुहार लगाने पहुंचे।

### सरपंचों में किसी ने कहा- वेतन बहुत ज्यादा, किसी ने कहा, पीएचई विभाग देगा

*हरिभूमि ने कुछ सरपंचों से भी नियुक्ति नहीं करने के संबंध में बातचीत की। इस दौरान ग्राम पंचायत कोटा के सरपंच ने कहा कि वेतन बहुत ज्यादा है। हमारे पास इतना फंड नहीं है, ज्यादा से ज्यादा 2 से 3 हजार ही दे पाएंगे। ग्राम पंचायत सोनतरा के सरपंच ने कहा कि वेतन पीएचई विभाग को ही देना है। इस संबंध में आदेश भी जारी हुआ था। ग्राम पंचायत में इतना फंड नहीं रहता कि इस कार्य के लिए 10-15 हजार रुपए मासिक वेतन दे पाएं।*

## खबर संक्षेप

### एम्स को बाल आपातकालीन चिकित्सा में मिली बड़ी पहचान

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन टीम ने हैदराबाद में हुए 17वें नेशनल असेंबली ऑफ पीडियाट्रिक इमरजेंसी मेडिसिन-2026 एवं चौथे इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स–पीईएम राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाया है। यह सम्मेलन किम्स कडल्स अस्पताल, गाचीबोवली द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन से पूर्व 27 मार्च 2026 को एम्स रायपुर की टीम ने मल्ला रेड्डी महिला मेडिकल कॉलेज हैदराबाद में पीडियाट्रिक ट्रायेज एवं पीईएआरएलएस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का नेतृत्व विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक्स एवं प्रभारी पीईएम डॉ. अनिल के. गोयल ने राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में किया, जबकि समन्वय डॉ. जोविन क्रिस एंटनी ने संभाला।

### आपसी विवाद पर चाकूबाजी

**रायपुर।** आपसी विवाद पर विधानसभा इलाके में चाकूबाजी हो गई। बीएसयूपी कालोनी में रहने वाले छबी महानंद और चेरू कुमार के बीच किसी मामले को लेकर विवाद हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि चेरू ने छबी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल छबि को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इस मामले में विधानसभा थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

## 30 दिन के बाद भी डिलीवरी नहीं मिलने से उपभोक्ता परेशान

# गैस की किल्लत के बीच एजेंसियों में खेला
# 25 दिन के बाद बुकिंग, 7 दिन बाद डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच अब गैस एजेंसियों में भी खेला शुरू हो गया है। शासन-प्रशासन के निर्देश के बावजूद एजेंसियों द्वारा बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ता को गैस सिलेंडर की डिलीवरी देने में सप्ताहभर या उससे अधिक दिन लगाए जा रहे हैं, जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ी हुई है। इधर जिले में हर दिन बुकिंग का प्रतिशत जिस तेजी से बढ़ रहा है, उसकी तुलना में वितरण का काम कछुआ गति से किया जा रहा है।

यहीं कारण है कि जिले में लंबित बुकिंग के आंकड़े भी लगभग 40 हजार के करीब हैं। संबंधित विभाग के अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का स्टॉक है, लेकिन लंबित बुकिंग के आंकड़े कुछ और ही हकीकत बयां कर रहे हैं।



### बुकिंग की तुलना में 25 प्रतिशत भी वितरण नहीं

सूत्रों के अनुसार, जिले में हर दिन जितने उपभोक्ता गैस सिलेंडरों की बुकिंग कराते हैं, उसकी तुलना में वितरण 25 प्रतिशत से भी कम हो पा रहा है। यही कारण है कि लंबित बुकिंग की संख्या भी घट नहीं रही है। एजेंसियों में स्थिति यह है कि शहरी क्षेत्र में एक सिलेंडर के बाद दूसरे सिलेंडर की बुकिंग जरूर 25 दिन के बाद हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी उपभोक्ता को सिलेंडर मिलने में लगभग 30 से 35 दिन तक का समय लग रहा है। इंडेन, भारत जैसी कंपनियों की कई गैस एजेंसियां तो बुकिंग के 12 दिन के बाद भी उपभोक्ता को डिलीवरी नहीं दे पा रही हैं।

### साइकिल, दोपहिया वाहन में खाली सिलेंडर लेकर पहुंच रहे उपभोक्ता

गैस एजेंसियों में बुकिंग कराने के बाद भी होम डिलीवरी में देर किए जाने के कारण अब उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर सीधे एजेंसी एवं गोदाम पहुंच रहे हैं। इस कारण एजेंसियों और गोदामों के बाहर अभी भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

**अफसरों की मानें तो जिले में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों का है स्टॉक**

### ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद बुकिंग, 50 दिन में डिलीवरी

ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस सिलेंडरों के संकट से घरेलू उपभोक्ता जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू सिलेंडर की 45 दिन के बाद बुकिंग हो रही है, लेकिन बुकिंग कराने के बाद भी डिलीवरी में एजेंसियां 5 दिन से अधिक समय लगा रही हैं। इसके कारण उपभोक्ता को दूसरा सिलेंडर 50 दिन के बाद ही मिल पा रहा है।

**केस 1**

### अब तक नहीं मिला सिलेंडर

महावीर नगर निवासी अनिल रामानी ने बताया कि उनके यहां इंडेन कंपनी का सिलेंडर आता है। उसने नियम के तहत 25 दिन के बाद होम डिलीवरी के लिए बुकिंग कराई थी, लेकिन बुकिंग कराने के 12 दिन के बाद भी उसके घर सिलेंडर नहीं पहुंचा है। सिलेंडर क्यों नहीं आ रहा है, यह पता लगाने के लिए वे दो बाद एजेंसी दफ्तर के चक्कर लगा चुके हैं। वहां यही कहा जाता है कि स्टॉक नहीं आया है, आते ही डिलीवरी दी जाएगी।

**केस 2**

### सिलेंडर खत्म दिक्कत बढ़ी

आमापारा निवासी भुनेश्वर ने बताया कि उसने भी 25 दिन बाद बुकिंग कराई, लेकिन 5 दिन से अधिक समय हो चुका है, डिलीवरी नहीं की गई है। उसके घर गैस सिलेंडर खत्म हो गया है, जिसके कारण अब इलेक्ट्रानिक चूल्हे पर ही खाना बना रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायलों के कैशलेस इलाज पर मंथन पुलिस का सत्यापन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ सात दिनों में डेढ़ लाख तक का इलाज, आयुष्मान के पंजीकृत हास्पिटल मान्य

जिले के आयुष्मान पंजीकृत अस्पतालों में रोड एक्सीडेंट के घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। सात दिनों तक डेढ़ लाख के निशुल्क इलाज के लिए पुलिस सत्यापन जरूरी है। घायल होकर आने वाले मरीज की सूची ई-डार के माध्यम से अस्पतालों को भी देनी होगी।

रायपुर जिले के निजी अस्पताल संचालक, आईएमए के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियो के साथ जिला पंचायत सीईओ श्रीकुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी की उपस्थिति में हुई बैठक में योजना को रायपुर जिले में लागू करने विचार-मंथन किया गया। प्रधानमंत्री राहत योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. सार्थक नंदा ने बताया कि इस कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। अस्पताल के चिकित्सकों को बताया गया कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य सड़क या शहर की सड़क पर हुए हादसे में घायल मरीजों को निशुल्क इलाज का लाभ दिया जा सकता है, मगर इसके लिए पुलिस से संबंधित दस्तावेजों की आवश्यकता होगी। घायलों का इलाज आयुष्मान में पंजीकृत अथवा ई-डार में पंजीकृत कोई भी अस्पताल कर सकता है। बैठक में आईएमए राज्य अध्यक्ष डॉ. अनूप वर्मा, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला हॉस्पिटल प्रबंधन, फोगसी की अध्यक्ष डॉ. मोनिका पाठक, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता एवं रायपुर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कई विभागों का समन्वय जरूरी

इस योजना में रोड एक्सीडेंट को लेकर की विभागों का समन्वय किए जाने की योजना है। एक्सीडेंट के इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग, घटनाओं पर कार्रवाई के लिए पुलिस विभाग, एक्सीडेंट के लिए डेंजर जोन वाले मार्गों की समीक्षा के लिए एनएचआई, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम को मिलकर काम करना है। हालांकि इस योजना को लेकर इन विभागों में समन्वय नहीं हो पाया है।

### राज्य में लागू नहीं हो सकी योजना

रोड एक्सीडेंट के घायलों को निशुल्क इलाज की योजना सालभर पहले देशभर में लागू की गई थी। राज्य में इसे अब तक कार्यरूप में नहीं लाया जा सका है। जानकारों का कहना है कि इसके लिए जिलास्तर पर सुविधा वाले अस्पतालों को सूचीबद्ध कर संचालनालय स्तर पर उपलब्ध कराना है। इस योजना में अब तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इलाज करने वाले अस्पतालों को किस फंड से और कैसे भुगतान किया जाएगा।

# इग्नू ने फिर बढ़ाई आवेदन तिथि, अब 10 तक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने ओडीएल और ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए आवेदन अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब रजिस्ट्रेशन की नई अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। यह छूट उन लोगों के लिए है जो जनवरी 2026 सेशन के लिए नए सिरे से आवेदन करना चाहते हैं।

■ असाइनमेंट जमा करने की तिथि में भी वृद्धि

ओडीएल प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए आवेदकों को पृथक लिंक पर जाना होगा, जबकि ऑनलाइन प्रोग्राम के लिए रजिस्ट्रेशन लिंक पृथक है। इग्नू ने जून 2026 के टर्म एंड एग्जामिनेशन के लिए असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। यह फैसला उन सभी छात्रों पर लागू होता है, जिन्होंने ओपन और डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन प्रोग्राम में प्रवेश लिया है। यूनिवर्सिटी की ओर से जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, असाइनमेंट जमा करने की आखिरी तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। छात्रों को अपने असाइनमेंट की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी, दोनों जमा करनी होंगी।

यूनिवर्सिटी ने साफ किया है कि यह बढ़ी हुई समय सीमा ओडीएल और ऑनलाइन माध्यमों से विभिन्न प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले सभी छात्रों पर लागू होती है।

### प्रक्रिया में बदलाव नहीं

*इग्नू ने स्पष्ट किया है कि सबमिशन की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जहां हार्ड कॉपी निर्धारित केंद्रों पर भेजी जानी हैं, वहीं सॉफ्ट कॉपी को निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपलोड किया जा सकता है। छात्रों को यह भी सलाह दी गई है यह विस्तार अंतिम है और छात्रों को किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए समय पर सबमिशन सुनिश्चित करना चाहिए। इग्नू ने परीक्षार्थियों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अधिक से अधिक संख्या में पाठ्यक्रम में प्रवेश लें। यह फैसला उन विद्यार्थियों को एक और अवसर प्रदान करने के लिए लिया गया है, जो किसी कारणवश समयसीमा पर प्रवेश नहीं ले पाए या जिन्होंने प्रवेश प्रक्रिया की है, लेकिन कागजी कार्रवाई पूरी नहीं कर पाए।*

# युद्ध विराम संग छात्रों का मूल्यांकन प्रारंभ

■ पूर्व परीक्षाओं के आधार पर तय होंगे वार्षिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने पश्चिमी एशिया के उन देशों के कक्षा 12 छात्रों के लिए वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के तहत अंक अपलोड करने का शेड्यूल जारी कर दिया है, जहां बोर्ड परीक्षाएं भू-राजनीतिक परिस्थितियां अर्थात युद्ध के कारण रद्द कर दी गई थीं। यह निर्णय प्रभावित छात्रों के रिजल्ट जारी करने की प्रक्रिया को समय पर पूरा करने के लिए लिया गया है। सीबीएसई द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, स्कूलों के लिए ऑनलाइन पोर्टल 8 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक खुला रहेगा। इस दौरान संबंधित स्कूल अपने लॉगिन के माध्यम से छात्रों के अंक अपलोड कर सकेंगे। बोर्ड ने निर्देश दिया है कि सभी स्कूल नोटिफिकेशन-2 को ध्यान से पढ़ें और उसी के अनुसार प्रक्रिया पूरी करें। सीबीएसई ने साफ कहा है कि अंक अपलोड करते समय अत्यधिक सावधानी बरती जाए, क्योंकि बाद में किसी भी प्रकार की गलती या संशोधन के लिए अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने भी समयसीमा का पालन करने पर जोर दिया है।

***इन देशों में रद्द हुई थीं परीक्षाएं :*** *सीबीएसई ने 16 मार्च से 10 अप्रैल 2026 के बीच होने वाली कक्षा 12 की परीक्षाएं बहरीन, ईरान, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे वेस्ट एशियाई देशों में रद्द कर दी थीं। यह फैसला वहां की असाधारण परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया था। नई नीति के तहत छात्रों का रिजल्ट इंटरनल असेसमेंट और 28 फरवरी 2026 तक हुई परीक्षाओं के प्रदर्शन के आधार पर तैयार किया जाएगा। जिन विषयों की परीक्षा नहीं हो सकी, उनके लिए स्कूलों को छात्रों के क्वार्टरली, हाफ-ईयरली और प्री-बोर्ड के अंकों का डेटा जमा करना होगा। सीबीएसई ने स्कूलों को निर्देश दिया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और संतुलित हो, ताकि किसी भी छात्र को नुकसान न हो।*

# रेप केस में बेटे की गिरफ्तारी का झांसा, सेवानिवृत्त इंजीनियर को डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ साइबर ठगों ने डेढ़ लाख रुपए मांगे

■ बेटे से बात करने पर बुजुर्ग को मिली ठगी की जानकारी

विद्युत विभाग के एक सेवानिवृत्त इंजीनियर को अज्ञात जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट कर 80 हजार रुपए ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों ने सेवानिवृत्त इंजीनियर को दिल्ली में इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस में कार्यरत बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी के बाद उनकी भी गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी कर ली। इंजीनियर बेटे से बात करने पर सेवानिवृत्त इंजीनियर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। सेवानिवृत्त इंजीनियर ने अज्ञात जालसाजों के खिलाफ डीडीनगर थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीडीनगर सेक्टर-1 निवासी 68 वर्षीय अपराजिता प्रताप सिंह ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। साइबर ठगों ने अपराजिता के साथ 4 अप्रैल को डिजिटल अरेस्ट कर उन्हें ठगी का शिकार बनाया था। अपराजिता ने पुलिस को बताया है कि उसके पास घटना दिनांक को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने अपने आपको दिल्ली पुलिस का अधिकारी बताया। कॉल करने वाले ने बुजुर्ग सेवानिवृत्त इंजीनियर को धमकाते हुए कहा कि उनके बेटे की रेप केस में गिरफ्तारी हुई है। साइबर अपराधी ने अपराजिता को अपने बेटे को बचाने के नाम पर तत्काल बताए गए अकाउंट में डेढ़ लाख रुपए जमा करने के लिए कहा।

### घबराए पिता ने डर के मारे ट्रांसफर किए 80 हजार

अपराजिता का बेटा दिल्ली में क्लास वन अफसर है। ऐसे में रेप केस में गिरफ्तारी की डर से बुजुर्ग बुरी तरह से डर गया। साइबर अपराधियों ने पैसे नहीं देने पर बुजुर्ग को भी झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। साथ ही उन्हें डिजिटल अरेस्ट करने का भय दिखाया। बुरी तरह से सहमे अपराजिता ने डर के मारे अलग-अलग किस्तों में जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए।

### आशंका होने पर बेटे को किया कॉल

जालसाजों के अकाउंट में 80 हजार रुपए ट्रांसफर करने के बाद अपराजिता को अपने साथ ठगी होने की आशंका हुई। इसके बाद बुजुर्ग ने अपने बेटे को कॉल किया। कॉल करने पर अपराजिता को उनके बेटे ने अपने सकुशल होने की जानकारी दी। तब अपराजिता राहत की सांस लेते हुए अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। बैंक डिटेल के आधार पर पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

# शहरों को आपस में जोड़ रही उड़ान योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बेहतर बनाने के लिए उड़ान योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में इस योजना के तहत रायपुर-जगदलपुर, रायपुर-रीवा, अंबिकापुर-दिल्ली-कोलकाता के लिए फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताया कि उड़ान योजना से छत्तीसगढ़ समेत देशभर में 100 हवाई अड्डों का विकास होगा। इसके अलावा हवाई अड्डों के विकास के लिए एक चैलेंज मोड अपनाया जाएगा। इसमें राज्य और केंद्रशासित प्रदेश मांग एवं तत्परता के आधार पर मूल्यांकन के लिए हवाई अड्डों को नामित करेंगे, जिससे बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास संभव होगा। मानव संसाधन लागत को कम करने और परिचालन स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हवाई अड्डों के लिए तीन साल का संचालन और रखरखाव सहायता प्रदान करना। योजना में टियर 2 और टियर 3 शहरों के लोगों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार हेतु बड़े विमानों में अधिक सीटों के लिए किफायती हवाई किराए का प्रावधान किया गया है। घरेलू विमान निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को बढ़ावा देने हेतु आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत विमान अधिग्रहण के लिए सहायता करना है।

# स्कूल के पास से ठेला-गुमटी हटाए, नाले की कराई सफाई

## पं. सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे ठेला-गुमटी किए जब्त

### जोन 5 टीम की कार्यवाही


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन-5 की टीम ने पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित सुंदरलाल शर्मा स्कूल के पास लगे पान ठेले और गुमटियों को नाले के ऊपर से उठाकर जब्त कर लिया। नाले से 2 ट्रक मलबा बाहर निकालकर सफाई कराई। जोन कमिश्नर खीरसागर नायक के नेतृत्व में जोन-5 नगर निवेश विभाग की टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार को सुंदरनगर स्कूल के पास लगे ठेले और गुमटियों को मशीन से हटाने सड़क पर उतरी। इस दौरान फुटपाथ पर व्यवसाय कर रहे ठेले-गुमटियों को वहां से हटाया।



### कांग्रेसियों ने किया विरोध, ज्ञापन सौंपा

पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले 15 परिवारों को उचित व्यवस्थापन दिए बिना उनके ठेले व गुमटियों पर बुलडोजर कार्रवाई को लेकर कांग्रेसी नेताओं ने विरोध जताया। आकाश शर्मा, कांग्रेस नेता संदीप तिवारी ने कहा कि महंगाई के दौर में लोगों को रोजगार देने के बजाय ट्रिपल इंजन की सरकार रोजगार छीनने का काम कर रही है। प्रभावित परिवारों के लिए उनके पास सोचने का समय भी नहीं है। शहर के और भी ऐसे इलाके हैं, जहां पूंजीपति निवास करते हैं। वहां कार्यवाही करना छोड़कर गरीब परिवारों का रोजगार छीनने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है, जबकि इस वार्ड में आम जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। संदीप तिवारी ने कहा, वार्ड में अधिकांश इलाकों की स्ट्रीट लाइट बंद है। पूरे क्षेत्र बड़ी संख्या में मवेशियों का जमावड़ा होने से गली-मोहल्ले में गंदगी और दुर्घटना की स्थिति बनी हुई है। इस ओर नगर निगम का ध्यान नहीं है। इसके साथ ही पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। चंद्रशेखर नगर में नलों से प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। अश्वनी नगर, चंद्रशेखर के सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। सुंदरनगर चौक स्थित आर्बिट टॉवर कांप्लेक्स और अश्वनी नगर में शुभम मार्ट के पास सड़कों पर पार्किंग होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। कांग्रेसी नेताओं ने इस संबंध में जोन-5 कमिश्नरी को ज्ञापन सौंपकर 15 प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की मांग की है। जोन का घेराव कर ज्ञापन सौंपने वालों में आकाश शर्मा, संदीप तिवारी, प्रदेश महासचिव निखिल बाजारी, जिला महासचिव रेवा साहू, प्रियांशु सिंह, दिव्यांश श्रीवास्तव, पार्थ चंद्राकर, कृष सहारे, वीरेंद्र साहू, अमन यादव, करण यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।



# प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत देंगे प्रवेश, सरकार से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालन संघ ने प्राइवेट स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश देने को लेकर किए गए दावे का विरोध करते हुए कहा कि हम कॉर्पोरेट सेक्टर का रूप ले चुके विद्यालय संचालकों की मंशा का समर्थन नहीं करते। साथ ही उन्होंने सरकार से मांग करने की जानकारी देते हुए बताया कि कई बार सीएम विष्णुदेव सायजी और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से आग्रह कर चुके हैं, कि तय शुल्क में वृद्धि की जाए, लेकिन हमारी मांगों को नकारा जा रहा है, जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के दावे को झुठला रहा है। उन्होंने सरकारी योजना के तहत साइकिल, यूनिफार्म शुल्क की देय राशि में वृद्धि करने की मांग भी दोहराई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी और मनोहर पाण्डेय ने यह जानकारी बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में दी।



## खबर संक्षेप



### तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण के लिए कलेक्टर से मिले ग्रामीण

पलारी। विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमी के ग्रामीण गांव के विकास कार्य पर चर्चा और जोखी तालाब में साफ सफाई और सौन्द्रीयकरण के लिए कलेक्टर कुलदीप शर्मा से मिले। इस दौरान पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि काशी घृतलहरे, उपसरपंच तरुण वर्मा, ग्राम प्रमुख भागचंद वर्मा, दर्शन वर्मा, नरेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, शिव साहू, ईश्वरी वर्मा, रमेश वर्मा, मोहन वर्मा, भानु वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस कमेटी में प्रकाश ताम्रकार बने सचिव

**लवन**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के तहत बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी में प्रकाश ताम्रकार को सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमोदन तथा प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू के हस्ताक्षर से जारी हुई। नियुक्ति पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। वरिष्ठ नेताओं, युवा एवं महिला कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। प्रकाश ताम्रकार ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।



### जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री बने सुनील

**बलौदाबाजार**। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी सूची में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुर्रे को जिला कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अनुमोदन एवं प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू की अनुशंसा पर हुई। जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने सूची जारी की। नियुक्ति पर कांग्रेसजनों में हर्ष व्याप्त है। नेताओं ने इसे कुर्रे की मेहनत, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का परिणाम बताया। सुनील कुर्रे ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



### मिठाई कारखाने में गंदगी लगा 10 हजार ई-जुर्माना

**रायपुर**। नगर निगम जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग ने रमन मंदिर वार्ड स्थित मिठाई कारखाने में गंदगी मिलने की जनशिकायत सही पाए जाने पर संचालक लोकेश खत्री पर तत्काल 10 हजार रुपए का ई-जुर्माना लगाया । कारखाना संचालक को चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा हुआ तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मार्गदर्शन में जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति में जोन-2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मिठाई कारखाने की स्वच्छता व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां गंदगी मिली। जनशिकायत सही पाए जाने पर जोन-2 कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने कारखाना संचालक पर 10 हजार रुपए ई-जुर्माना किया।

# 17 साल बाद खुली शराब दुकान, 8 घंटे में 5 लाख की बिक्री

## व्यापारी संघ की मांग पर मिली अनुमति, दुकान खुलते ही उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

बलौदाबाजार जिले के संडी बंगला में आस्था, परंपरा और व्यापार के अनोखे संगम की एक दिलचस्प तस्वीर संडी बंगला में देखने को मिली है। करीब 17 साल पहले जहां अखंड रामायण पाठ के बाद शराब की दुकान बंद करवा दी गई थी, वहीं अब उसी स्थान पर लक्ष्मी माता की तस्वीर लगाकर दुकान दोबारा शुरू कर दी गई। गुरुवार को जैसे ही दुकान खुली, देखते ही देखते महज 8 घंटे में 5 लाख की शराब की बिक्री हो गई। साल 2009 में संडी बंगला और आसपास के गांवों खैरा, लुट्टूडीह, जारा और रेंगाडीह के ग्रामीण बढ़ते अपराध और सामाजिक अव्यवस्था से काफी परेशान थे। इसके बाद से करीब डेढ़ दशक तक क्षेत्र में वैध शराब बिक्री पूरी तरह ठप रही।वहीं समय के साथ हालात बदले और क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैलने लगा। इससे न केवल राजस्व का नुकसान हो रहा था, बल्कि सामाजिक समस्याएं भी बढ़ने लगीं। इसको देखते हुए स्थानीय व्यापारी संघ ने प्रशासन से वैध दुकान फिर से खोलने की मांग की। लंबी प्रक्रिया के बाद आखिरकार प्रशासन ने दुकान संचालन की अनुमति दे दी।यहां दुकान खुलते ही ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से लेकर शाम तक लगातार खरीदारी होती रही और महज 8 घंटे में 5 लाख 50 हजार ये की शराब बिक गई।






### लक्ष्मी माता की तस्वीर से हुई शुरुआत

दुकान खुलने के दिन एक अलग ही दृश्य देखने को मिला। व्यापार की समृद्धि के प्रतीक के रूप में दुकान में लक्ष्मी माता की तस्वीर स्थापित कर पूजा-अर्चना के साथ बिक्री शुरू की गई। कुछ लोगों ने इसे परंपरा और व्यापार का संतुलन बताया, तो वहीं कई ग्रामीणों ने इसे आस्था के साथ खिलवाड़ करार दिया।

**प्रवचन : ग्राम मुंडा में जारी भागवत कथा का लाभ उठा रहे श्रद्धालु**

# सुदामा चरित्र सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु भागवत कथा में परीक्षित मोक्ष का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा





ग्राम के भोला वर्मा निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन कथा व्यास पं. गौरव जोशी ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कथाकार ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सुदामाजी भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे। उन्होंने भिक्षा मांग कर अपने परिवार का पालन पोषण किया। अत्यंत गरीबी और विपन्नता के बाद भी उन्होंने हमेशा सदमार्ग और कर्तव्य परायणता की मार्ग का अनुशीलन किया। सुदामा जी को भगवान पर दृढ़ विश्वास था वह सदा ईश्वर में निमग्न रहते। उनकी पत्नी सुशीला सुदामा से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है उनसे जाकर मिल आइए। शायद वह हमारे कुछ मदद कर दे। पत्नी के कहने पर सुदामा जी द्वारका पहुंचते हैं। द्वारपालों से भगवान श्रीकृष्ण का महल का पता पूछा तो द्वारपालों ने उन्हें भिक्षुक समझ कर रोक लिया इस पर सुदामा जी ने उन्हें बताया कि वह श्रीकृष्ण के मित्र हैं। जब द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को उनका नाम बताया तो भगवान श्रीकृष्ण सुदामा का नाम सुनते ही महल से बाहर नंगे पैर भागे और सुदामा को अपने गले में लगा लिया। फिर बाल सखा सुदामा जी को अपने सिंहासन पर बिठाकर भगवान श्रीकृष्ण उनके चरण धोते हैं। मित्र सुदामा से भेंट में लाई गई मुट्ठी भर चावल की पोटली छीनकर चाव से खाते हैं। द्वारकापुरी में सुदामा जी की खूब सेवा की जाती है। फिर सुदामा जी विदा लेकर अपने निज स्थान को प्रस्थान करते हैं। निजधाम में आकर उन्हें आश्चर्य होता है भगवान की कृपा से पर्ण कुटीर के स्थान पर एक महल बना पाते हैं और पत्नी तथा बच्चों को राजसिक वस्त्र आभूषणों में पाते हैं। इस तरह दीनहीन सुदामा जी पर भगवान की कृपा सुधा बरसती है और वह परिवार के साथ सुखी जीवन बिताते हैं। कथावाचक पंडित गौरव जोशी ने अगले प्रसंग में परीक्षित मोक्ष का कथा सुनाते हुए कहा कि सुखदेव जी के द्वारा राजा परीक्षित को 7 दिन तक श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हैं जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल जाता है। मुनि के श्राप का निर्धारित समय आने पर तक्षक राजा परीक्षित को डस लेता है जिससे उनकी मृत्यु होती है। राजा परीक्षित भागवत कथा के प्रभाव से परमधाम को जाते हैं। वही 10 अप्रैल को श्रीमद् भागवत कथा का सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। सातवें दिन मुख्य यजमान भोला वर्मा, हरिशंकर वर्मा, उमाशंकर वर्मा, लीलाधर वर्मा, खगेश कुमार वर्मा, सावन बाई वर्मा, महेश्वरी वर्मा, सुनीता वर्मा, लाला वर्मा, रोशम वर्मा, युगल किशोर वर्मा, परमेश्वर साहू, भगवानी पटेल, बिहारी पटेल सहित अन्य गांवो से श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे थे।

# कोसमंदा की महिलाएं दे रहीं स्वच्छता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम कोसमंदा की महिलाएं स्वच्छता अभियान के तहत गांव में स्वच्छता अभियान चला रही है, जिसमें ये महिलाएं ग्राम पंचायत कार्यालय, तालाब, धान खरीदी केंद्र सहित सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर औरों के लिए प्रेरणा बन रही है। यह महिलाएं स्वच्छ भारत सौभाग्य लक्ष्मी महिला समूह बनाकर गांव में स्वच्छता का संदेश दे रही है। समूह में 20 महिलाएं है, जो हर दिन गांव में सफाई अभियान चलाकर उस कचरे को कचरा वाहन से नियत स्थान पर छोड़ती है। महिलाओं ने बताया कि गांव हमारा गर्व है इसे स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी हैं।

इससे आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलेगी। महिलाओं ने कहा कि अपने आसपास स्वच्छ रखे और खुद भी स्वच्छ रहे। महिला समूह में प्यारी कनोजे, ईश्वरी वर्मा, शोभना वर्मा, सुरुचि वर्मा, सीता कनोजे, अन्नपूर्णा वर्मा, उषा ध्रुव, रमौतीन ध्रुव, ललिता ध्रुव, मीना वर्मा, सोनूकुँवर यादव, मंटोरा कनौजे, गदौरी पटेल, मेनका वर्मा, मोनिका कनौजे, क्रांति कनौजे, भाना कनौजे, सद्भावना ध्रुव आदि शामिल हैं।

# कौड़िया आंगनबाड़ी केंद्र में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



ब्लॉक से लगे गांव कौड़िया में अनन्या वर्मा ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 व 2 में पौधरोपण किया। परिजनों ने पौधे का पेड़ बनने तक देखभाल के संकल्प लिया। इस मौके पर समस्त बच्चों के साथ कार्यकर्ता, सहायिकाओं एव उपस्थित जनप्रतिनिधिओ को खीर पूरी के साथ क्षेत्रीय व्यंजन परोसा गया। वहीं बच्चों को पेंसिल कॉपियां उपहार में दी गई। यह कार्यक्रम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार के सदस्य इंद्रकुमार वर्मा के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रदीप वर्मा, उप सरपंच विष्णु साहू, घनश्याम वर्मा, डीले वर्मा, इन्द्र कुमार वर्मा, श्वेता महिलांगे, सुपरवाइजर मोंगरा बाई वर्मा, शिवलाल वर्मा, मीना वर्मा, शिवकुमारी वर्मा, अंजलि वर्मा, भुनेश्वरी डहरिया, गीता बाई साहू, मितानीन निलम वर्मा, पटकुमार डहरिया,लोकेश साहू, धर्मेंद्र वर्मा, यशवंत वर्मा, नीरज, विकास आदि उपस्थित थे।

# तीन दिनों तक चले कबीर सत्संग का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान



ग्रामीण अंचलों रवान में तीन दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन को 6 अप्रैल से किया गया है, जिसका समापन 8 अप्रैल को हुआ। समापन के पंथ राजू दास साहेब द्वारा शाम 7 बजे चौका आरती रखी गई थी। सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह रवान बाजार चौक में आयोजित किया गया। एक प्रमुख आध्यात्मिक आयोजन है, जिसमें कबीर साहेब की वाणी, मानवता, और भक्ति पर प्रवचन होते हैं। ऐसे आयोजनों में अक्सर संतों द्वारा मानवता का संदेश, भंडारा और भजनों का आयोजन किया जाता है, जो स्थानीय निवासियों को अध्यात्म से जोड़ते हैं। समारोह की मुख संत कबीर के विचारों, निर्गुण भक्ति और समतामूलक समाज के संदेश का प्रसार करना। इसमें प्रतिदिन कबीरपंथी साधु-संतों द्वारा सत्संग, कबीर वाणी का गायन और अंतिम दिन भव्य भंडारा आयोजित किया जाता है। काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु और स्थानीय समिति सदस्य आयोजन की जिम्मेदारी संभालते हैं। यह आयोजन ग्रामीण संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन जाते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण अंचल के अमीन माता मंडल महिला कबीर पंथी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पुलिस को चकमा देकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम के सीएम सरमा का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक के पास एकत्रित होकर असम के मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और उनका पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने पुतला दहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणनीति के तहत पहले एक पुतला जलाया, जिसे पुलिस ने छीन लिया। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए दूसरा पुतला आग के हवाले कर दिया और अपना विरोध दर्ज कराया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, कांग्रेस पार्टी अपने शीर्ष नेतृत्व के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेताओं द्वारा इस प्रकार की भाषा का प्रयोग बंद नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी।

# नगर में मना भाजपा का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत के सभी 9 बूथों में भाजपा का संयुक्त स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा एवं उपलब्धियों को याद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायपुर योगेश चन्द्राकर एवं वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा उपस्थित थे।

योगेश चन्द्राकर ने भाजपा की स्थापना से लेकर आज तक के विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे एक छोटे से संगठन के रूप में शुरू हुई भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा ने देश के विकास, सुशासन और गरीब कल्याण को प्राथमिकता दी है।

कार्यक्रम को विपिन बिहारी वर्मा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, मछुवारा प्रकोष्ठ रायपुर संभाग प्रभारी रमेश धीवर, कार्यक्रम प्रभारी योगेश योगी वर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक नेतरंजन निर्मलकर, जिला सह मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा दीपक वर्मा,पार्षदगण डोमार सिंह वर्मा, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा देवांगन, मण्डल कार्यालय प्रभारी ताजेन्द्र कन्नौजे, पूर्व पार्षद राजेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष डॉ. तिलक चंद हलधर सहित बूथ समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# असम में चुनाव प्रचार कर लौटे सुशील शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं असम प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र सिंह भंवर ने भाटापारा कृषि ऊपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष सुशील शर्मा को असम प्रदेश के दरंग जिला में राष्ट्रीय समन्वयक नियुक्त किया था। अपनी नियुक्ति के पश्चात सुशील शर्मा 8 फरवरी से 28 अप्रैल तक तथा 19 मार्च से 8 अप्रैल तक लगभग 39 दिवसीय असम प्रदेश के दरंग जिला मंगलदाई में रहकर कांग्रेस प्रत्याशी रिजुमोनी तालुकदार का जोरशोर से चुनाव प्रचार किया।

सुशील शर्मा ने वापस आने पर बताया कि इस बार असम प्रदेश में कांग्रेस पार्टी गौरव गोगाई के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है।

प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में जोरदार लहर चल रही है। जनता जनार्दन प्रदेश में परिवर्तन करने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा अपनी तानाशाही नीतियों के कारण जनता का विश्वास पूरी तरह खो चुके हैं।

## पेज 9 के शेष

### फरार भागवत थवाइत

और उसके पिता संतोष थवाइत का ग्रामीणों के साथ विवाद हो गया और देखते ही देखते मामला हिंसक बवाल में बदल गया। बवाल के बाद देर रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के पिता संतोष थवाइत को हिरासत में ले लिय, लेकिन मुख्य आरोपी भागवत थवाइत मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है और उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वाले को 10 हजार का इनाम देने का ऐलान किया गया है। फिलहाल कटगी गांव में हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताए जा रहे हैं। लिस की नजर हर गतिविधि पर बनी हुई है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।

### शासन ने जोंक ...

को मौका स्थल पर भेजा गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार ने जन समुदाय से अपील की गई कि बाल विवाह किए जाने की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाईन 181 तथा चिकित्सा एवं पुलिस सहायता हेतु 112 नंबर तीनो नंबरो में दी जा सकती है। कार्यवाही में संरक्षण अधिकारी संस्थागत दीपक राय, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी मेघा शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता शाहनवाज, चाईल्ड हेल्पलाईन परामर्शदाता यशपाल जांगड़े, गिरौदपुरी चौकी की टीम उपस्थित रही।

### बिना अनुमति बोर ...

एवं वाहन चालक सेहिल से वाहन जब्त कर थाना कसडोल के सुपुर्द किया गया गया।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुलदीप शर्मा द्वारा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है एवं 1 अप्रैल से 30 जून तक बिना अनुमति के नलकूप खनन प्रतिबंधित है। बिना अनुमति के नलकूप खनन कराने पर कार्यवाही की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### गाय ने तीन बछड़ों को दिया जन्म

सिमगा। समीपस्थ ग्राम पंचायत बिनेका में एक लावारिस गाय ने अटल चौक के पास एक साथ तीन बछड़ों को जन्म दिया। तीनों बिछड़े जिस प्रकार से गाय के दुध पी रहे हैं, सहसा ही ग्रामीणों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। लोग टकटकी भरी नजरों से गाय व तीनों बछड़ों को देख रहे हैं तथा उसके चारे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

### जांच और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने बिलाईगढ़ में आज लगेगा शिविर

**बिलाईगढ़**। जांच और दिव्यांगता प्रमाण पत्र से वंचित दिव्यांगजनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए 10 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में जिला मेडिकल बोर्ड का शिविर होगा। इसमें आंख, हड्डी, कान, नाक, गला, आदि के डॉक्टर मौजूद होंगे। ऐसे दिव्यांग जिनका दिव्यांग प्रमाण पत्र अब तक नहीं बन पाया है, वे बरमकेला और बिलाईगढ़ में शिविर का लाभ लेकर दिव्यांग प्रमाण पत्र बना सकते हैं। इसमें शामिल होने के लिए पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड, दिव्यांग दिखाई दे रहा है ऐसा फोटो लाना होगा।

### रवान में रामायण शुरू

**रावन**। ग्राम रवान में 9 से 14 अप्रैल तक श्री रामचरितमानसगान का आयोजन शुरू हुआ। इसमें श्रद्धालुओं एवं टोलियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया गया है। यह जानकारी रामायण समिति आयोजन के शालिग्राम वर्मा ने दी।

### पशुओं में संक्रामक बीमारी रोकने टीकाकरण शुरू

**बलौदाबाजार**। जिले में पशुओं को खुरहा-चपका (एफ.एम.डी.) जैसी संक्रामक बीमारी से बचाने के लिये पशुधन विकास विभाग द्वारा 15 मार्च से 30 अप्रैल तक डोर टू डोर निःशुल्क टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में कुल 3 लाख 78 हजार 720 पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। अब तक कुल 73479 पशुओं को टीकाकरण किया जा चुका है। इस अभियान का उद्देश्य पशुओं को गंभीर संक्रमण से सुरक्षित रखना है। खुरहा-चपका रोग से पशुओं में बुखार, मुंह में लार आना, खुर और मुंह में फफोले, लंगड़ाना तथा दुग्ध उत्पादन में कमी जैसे लक्षण दिखाई देते है। पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुपालको से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण करायें और विभागीय कर्मचारीयों को आधार नंबर व मोबाईल ओटीपी साझा कर भारत पशुधन पोर्टल पर पंजीयन में सहयोग करें।

### भाजपा किसान मोर्चा खरोरा मंडल के महामंत्री बने श्रवण



**खरोरा**। भाजपा किसान मोर्चा में संगठनात्मक विस्तार के तहत श्रवण भोई को खरोरा मंडल का मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग एवं मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं की सर्वसम्मति से की गई। श्रवण भोई पिछले 25 वर्षों से पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करते आ रहे हैं। उन्होंने लोकसभा, विधानसभा एवं नगरीय निकाय चुनावों में सक्रिय भूमिका निभाई है। नियुक्ति पर उन्होंने संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने और पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

# औरेठी में 12 एकड़ में लहलहा रही सूरजमुखी की फसल

## किसान ग्रीष्मकालीन धान के बदले सूरजमुखी की खेती की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी में अधिक लाभ देने वाली फसल सुरजमुखी की खेती अपनाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इससे कई किसान सूरजमुखी क़ी खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत जिले के विकासखण्ड सिमगा अंतर्गत ग्राम औरेंठी के कृषक आकाशदीप वर्मा एवं संजय वर्मा द्वारा 12 एकड़ रकबे में कृषि विभाग एवं स्वयं से सूरजमुखी की खेती की जा रही है। विभाग द्वारा उन्हें योजनान्तर्गत संकर बीज एवं आदान सामग्री प्रदाय की गई है। कृषक द्वारा विगत वर्ष ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई थी, परन्तु गिरते भूजल स्तर के कारण धान की खेती में नुकसान उठाना पड़ा। इस वर्ष कृषक के द्वारा सूरजमुखी की खेती की गई है, जिसमें कम पानी, कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त किया जा सकता हैं। सूरजमुखी की खेती को पशु एवं बंदरों से नुकसान नहीं होता है तथा देखरेख की आवश्यकता कम पड़ती है। वर्तमान में सूरजमुखी की फसल संतोषजनक है, प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल उत्पादन का अनुमान है। कृषक को 45 से 50 हजार प्रति एकड़ शुद्ध आय प्राप्त होने की संभावना है।



### दलहनी-तिलहनी फसलों पर जोर

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि किसानों को दलहनी, तिलहनी फसलों की खेती हेतु विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है जैसे उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, तकनीकी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण, खेत स्तर पर प्रदर्शन, फसल संरक्षण एवं पोषण संबंधी सलाह, शासकीय योजनाओं के तहत अनुदान का लाभ शामिल है। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर सूरजमुखी जैसी कम पानी वाली एवं लाभकारी फसलों को अपनाने से फसल चक्र में विविधता आती है, मिट्टी की गुणवत्ता में वृद्धि, कीट एवं रोगों का प्रकोप कम होता है। वर्तमान में सूरजमुखी के बीजों की मांग अच्छी है और बाजार में किसान अपनी फसल को अच्छी दरों पर बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं।

## रबी सीजन में दलहन-तिलहन की खेती के लिये किसानों को किया प्रोत्साहित

# कृषि उपज मण्डी भाटापारा का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को कृषि उपज मण्डी भाटापारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से मण्डी परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। पेयजल की उपलब्धता एवं शौचालय की साफ-सफाई की समस्या पर उन्होंने मण्डी सचिव को दो दिन में पेयजल व शौचालय दुरस्त करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर शर्मा ने अपनी उपज बेचने आये किसानों से पूछताछ की और रबी सीजन में धान के बदले गेहूं, दलहन-तिलहन की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समर्थन मूल्य में समितियों में चना, सरसो और मसूर क्रय किया जा रहा है। किसान समिति में पंजीयन कराकर समर्थन मूल्य का लाभ ले सकते हैं। इसके साथ ही फसल विविधकरण की ओर अग्रसर होने कहा। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को समितियों में खरीदी प्रारम्भ होने की जानकारी देने और पंजीयन करने के निर्देश दिये। मण्डी सचिव को निर्देशित किया कि मण्डी में उपज का मूल्य किसानों व खरीददारों के मध्य बेहतर समन्वय के साथ किया जाए।

कलेक्टर ने इसके पश्चात संग्रहण केन्द्र देवरी का भी निरीक्षण किया और स्टैक किये गए धान की मात्रा, शॉर्टज आदि की जानकारी ली। उन्होंने सभी 25000 मीट्रिक टन धान का उठाव 31 मई से पहले कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही बारिश से धान को भीगने से बचाने आवश्यक व्यवस्था करने कहा। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### पैथोलॉजी में टेस्ट संख्या बढ़ाने व हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की उचित देखभाल के निर्देश



**भाटापारा**। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पैथोलॉजी में विभिन्न टेस्ट की संख्या कम होने पर आवश्यक उपकरण और केमिकल की व्यवस्था कर संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने आईपीडी, ओपीडी, प्रसूति (जच्चा-बच्चा) वार्ड सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। भर्ती मरीजों से पूछताछ की और आवश्यक किट भी प्रदान किये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नेत्र विभाग में भर्ती मरीजों से स्वयं संवाद कर फीडबैक लिया। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला मरीज के सुनने में समस्या होने पर उन्होंने तत्काल श्रवण यंत्र उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों से योजना के सम्बन्ध में पूछताछ की। इसके साथ ही उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं से संवाद भी किया और उनके उचित देखभाल व परामर्श के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम श्यामा पटेल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# कॉलेज में इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स पर प्रथम सत्र की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में हिंदी विभाग के अंतर्गत आयोजित इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स के अंतर्गत तृतीय दिवस प्रथम सत्र की शुरुआत हुई।

प्रथम वक्ता के रूप में आमंत्रित आकाशवाणी रायपुर के नैमित्तिक कम्पीयर दीपक कुमार तिवारी ने साक्षात्कार तकनीक : प्रभावी साक्षात्कार कैसे लें इस विषय पर विद्यार्थियों को साक्षात्कार की बारीकियों को बताते हुए ज्ञानवर्धक जानकारी दी।

- आकाशवाणी के दीपक कुमार तिवारी ने छात्रों को साक्षात्कार की बारीकियां गिनाई

उन्होंने कहा कि साक्षात्कार सिर्फ प्रश्न-उत्तर की प्रक्रिया नहीं, बल्कि संवाद की एक सशक्त विधा है, जिसके माध्यम से व्यक्ति के विचारों, अनुभवों और व्यक्तित्व की गहराई तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में साक्षात्कार की महत्ता को रेखांकित करते हुए बताया कि एक सफल साक्षात्कार समाज के सामने सत्य, संवेदना और दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करता है।

द्वितीय सत्र में शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हीरालाल शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण से इस क्षेत्र में हिंदी के समस्त छात्र अपनी जीविकोपार्जन की दिशा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी ने समस्त छात्र छात्राओं को भाषा की शुद्धता एवं अच्छी प्रस्तुति से इस क्षेत्र में मुकाम हासिल करने की बात कही।

इस इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स के द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास में वृद्धि स्पष्ट दिखाई दे रही थी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी, डीके महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ. हीरालाल शर्मा, प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र वर्मा, अतिथि व्याख्याता डॉ. मंजू अग्रवाल, पूजा बांधे तथा विभिन्न महाविद्यालयों से आए एमए हिन्दी की समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### साक्षात्कार की तैयारी पर विस्तृत मार्गदर्शन

व्याख्यान के दौरान उन्होंने साक्षात्कार की तैयारी, प्रश्नों के चयन, संवाद शैली, शारीरिक भाषा, समय प्रबंधन और नैतिक मूल्यों जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक साक्षात्कार को रोचक, सारगर्भित और प्रभावशाली बनाया जा सकता है।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यार्थियों के साथ हुआ संवाद सत्र रहा, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न रखे।विद्यार्थियों ने पत्रकारिता में करियर, साक्षात्कार के दौरान आने वाली चुनौतियों तथा व्यावहारिक अनुभवों से जुड़े सवाल पूछे। इस संवाद ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।हिंदी विभाग के शिक्षकों ने इस व्याख्यान को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न सिर्फ शैक्षणिक ज्ञान में वृद्धि होती है, बल्कि व्यावहारिक कौशल का भी विकास होता है।

# दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर में आदि रतन दादी रतन मोहिनी की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके निमित्त विशेष भोग लगाया गया। ब्रह्माकुमारी परिवार द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था की मुख्य प्रशासिका ब्र.कु. उमा दीदी ने दादी की विशेषताओं का वर्णन करते हुए अपने संस्मरण सुनाए ब्र कु सावित्री बहन ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि दादी अपने अंतिम समय में अव्यक्ति की अवस्था में पहुंच चुकी थी। मधुबन भोग संदेश में वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक अशांति को देखते हुए युद्ध की विभीषिका को टालने हेतु विश्व शांति स्थापित करने के लिए सामूहिक योग का आह्वान किया किया गया। इस कार्यक्रम में ब्र. कु. सुनीता बहन, सुशीला वर्मा, रेशम मैया, अनीता बहन, संजीव देवांगन, विनोद वर्मा, भरत वर्मा, जगराखन धीवर, होमन लाल वर्मा, पवन विश्वकर्मा, ओम प्रकाश, रामकुमार देवांगन, कौशल्या देवांगन, सहित बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्य गण सम्मिलित हुए।

# गिधपुरी थाना में देशमुख ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पुलिस थाना गिधपुरी में नया थाना प्रभारी निरीक्षक उनेश देशमुख ने पदभार संभाला। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को पता चलते ही थाना पहुंचकर उन्हें बधाई दी। थानेदार ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी अवैध कारोबार नहीं चलेगा, जिससे थाना क्षेत्र के ग्रामों में शांति व्यवस्था रहेगी। क्षेत्र में पुलिस की टीम लगातार पेट्रोलियम करते रहेगी। यदि कोई भी व्यक्ति अशांति करेगा, उसे नहीं बक्सा जाएगा, क्योंकि कानून सबके लिए बराबर है। कोई भी घुमंतू व्यक्ति और बाहरी व्यक्ति क्षेत्र में गुम रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहासी विजय कोसले, पूर्व बैंक उपध्यक्ष मुकेश झा, पूर्व सरपंच रामेश्वर धीवर, नरेंद्र चंद्राकर, संजू साहू, डोमार साहू, मनहरण वर्मा, प्रभा कोसले, सरपंच उबरन चतुर्वेदी, खिलेश्वर घृतलहरे, भीष्म देव सोनवानी, कृत वर्मा, बुधारू राम, प्यारेलाल कोसले, सत्यपाल बघेल, मूलचंद पटेल, दया दास घृतलहरे, जयंत कुर्रे, चोखे यादव, पुलिस थाना के स्टाफ एवं ग्रामीण बड़ी संख्या उपस्थित थे।

यदि उनके ऊपर कोई शक लग रहा हो तो तत्काल थाना को सूचनार्थ करें, जिसकी जांच पड़ताल की जा सके, ताकि कोई अनहोनी ना हो। क्षेत्र में कोई अवैध प्रकार की कारोबारी नहीं चलेगी तथा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बेच रहा होगा उसे बक्शा नहीं जाएगा।

### नवोदय विद्यालय ने प्राचार्य का किया स्वागत



लवन। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के प्राचार्य बी गिरिजा 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए, इसके पश्चात उनके पद पर 7 अप्रैल को वाइस प्रिंसिपल के पद में दिलीप कुमार ठाकुर प्रभारी प्राचार्य पद पर पदभार ग्रहण किए। श्री ठाकुर नवोदय विद्यालय में भूगोल विषय के अध्यापक हैं, जो 1997 से लगातार समिति में सेवा दे रहे हैं। वे विभागीय पदोन्नति के पश्चात वाइस प्रिंसिपल के रूप में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में पदभार ग्रहण किए हैं। इसके पूर्व जवाहर नवोदय विद्यालय धमतरी में 2007 में वह इंचार्ज प्रिंसिपल के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के गांव बुरगहन तहसील गुंडरदेही जिला बालोद के मूल निवासी है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, चंदन तिलक देकर उनके आगमन पर विद्यालय में स्वागत, अभिनंदन किया ओर खुशियां जाहिर की। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने उपस्थित रहे।

## 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण

# सेवानिवृत कर्मचारी को कॉलेज प्रबंधन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका में गुरुवार को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी संपत लाल साहू के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में 7 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

विदित हो कि महाविद्यालय में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत रहे संपत लाल साहू 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार ने उनके योगदान को याद करते हुए विदाई दी। कार्यक्रम में प्राचार्या अभिलाषा सैनी ने कहा कि श्री साहू जैसे अनुभवी कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने से महाविद्यालय को अपूर्णीय क्षति हुई है। इस अवसर पर प्राचार्य द्वारा श्री साहू को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भावुक माहौल में उन्हें विदाई दी।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य अभिलाषा सैनी, प्राध्यापक एनके ध्रुव, रोहित देवांगन, आरआर धुर्वे, प्रियंका पटले, तृप्ति साव, नेहा करकेट्टा, डॉ. अमित, युवराज, दुर्योधन, भारती साहू, रोशनी अग्रवाल महाविद्यालय के स्टाफ तमेंद्र नेताम, मंगलू राम निषाद, इंद्रकांत सोनवानी सहित सेवा निवृत कर्मचारी के परिवारजन शामिल हुए ।

